महत्वपूर्ण एवं खास

पैरी नदी में बोलबम भक्त के नहाते वक्त डूबने से मौत, 55 घंटे बाद भी नहीं मिला शव

गरियाबंद (आरएनएस)। गरियाबंद नगर में स्थित भुतेश्वरनाथ में दर्शन और पानी अर्पण करने जा रहे एक बोलबम कांवरिया जो सोमवार के 11 बजे कोचवाय के पैरी नदी में डूब गया । उस डूबे ब्यक्ति को आज बुधवार के शाम छै बजे तक 55 घंटे बीत जाने के बाद भी नही मिल पाया है। वही गरियाबंद पुलिस विभाग की रेस्क्यू लापता ब्यक्ति की तलाश लगातार कर रही है । ज्ञात हो कि सोमवार के सुबह बागबाहरा के समीप देवरी ग्राम का निवासी 17 वर्षीय युवक हीरेन्द्र साहू पिता शत्रुघ्न साहू अपने साथियो के साथ भुतेश्वरनाथ धाम में पानी अर्पण करने जा रहा था ,उसी दरम्यान गरियाबंद से पांच किलोमीटर दूर कोचवाय के समीप बहने वाला पैरी में नहाने के लिए उतरा उसी बीच अपना नियंत्रण खो बैठा और पानी मे बह गया। उसकी जानकारी सिटीकोतवाली में दिये जाने के बाद से लगातार पुलिस विभाग की रेस्क्यू टीम उसकी तलाश लगातार कर रही है । इस बीच पैरी नदी में सिकासेर से आनेवाला पानी को रोकने के लिये बांध के गेट को बन्द कराया गया लेकिन आज बुधवार सुबह तक लापता ब्यक्ति का पता नही चलने से गरियाबंद और रायपुर की पुलिस विभाग द्वारा पुराने रपटा को तुड़वाते हुए पानी के धार को बदला गया ,साथ ही कैमरा लगाकर पानी के अंदर उतार कर लापता ब्यक्ति की तलाश किया जा रहा है ,लेकिन 55 घन्टा बित जाने के बाद भी लापता ब्यक्ति का पता नही चल पाया ।

दुर्ग-नौतनवा, दुर्ग-कानपुर एवं दुर्ग-अजमेर स्पेशल गाड़ी में अतिरिक्त कोच की सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 03 जोड़ी स्पेशल गाड़ियों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। रेल मंडल के अधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 08201/08202 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त एसी-टू कोच की सुविधा दुर्ग से 18 अगस्त से 17 नवंबर तक तथा नौतनवा से 20 अगस्त से 19 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 08203/08204 दुर्ग-कानपुर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त एसी-टू कोच की सुविधा दुर्ग से 15 अगस्त से 14 नवंबर तक तथा कानपुर से 16 अगस्त से 15 नवंबर तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 08213/08214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 15 अगस्त से 29 अगस्त तक तथा अजमेर से 16 अगस्त से 30 अगस्त 2021 तक उपलब्ध रहेगी।

प्रसव के 20 दिनों बाद नवविवाहिता की मौत

कोरबा (आरएनएस)। कुसमुंडा थाना अंतर्गत प्रेमनगर निवासी एक नवविवाहिता की कल देर शाम उपचार के दौरान मौत हो गई। 20 दिन पूर्व उसने एक बच्चे को जन्म दिया, जो पूरी तरह सुरक्षित है। मृतका की पालक उसकी मां को पुलिस ने आवश्यक सूचना दे दी है। कुसमुंडा थाना अंतर्गत प्रेमनगर निवासी आकाश सिंह उम्र 24 नामक युवक की शादी मुस्कान सिंह उम्र 22 नामक युवती से हुई थी। विगत 21 जुलाई को मुस्कान सिंह ने एक स्वस्थ बच्चे को जन्म दिया, जो पूरी तरह सुरक्षित है। इसी दौरान मुस्कान की हालत काफी बिगड़ गई। जिसे उपचार के लिए कल अपरान्ह इंदिरागांधी शासकीय जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि कल शाम 07 बजे भर्ती कराये जाने के बाद उक्त नवविवाहिता का उपचारी जारी था। इसी दौरान सुबह 11 बजे उसकी मौत हो गई।

कलेक्टर ने खम्हार में सेनेटरी नैपकिन प्रोडक्शन यूनिट का किया शुभारंभ

» पावना अभियान के तहत लगायी गयी है 11 लाख की मशीन, महिला समूह सेनेटरी नैपकिन का करेगी उत्पादन

रायगढ़ । जिले में माहवारी स्वच्छता को बढ़ावा देने कलेक्टर भीम सिंह की पहल पर पावना अभियान की शुरुआत की गयी है। अभियान का लक्ष्य रायगढ़ को शत-प्रतिशत माहवारी जिला बनाना है। इसके तहत जिले में महिलाओं को माहवारी स्वच्छता के लिए जागरूक करना और उन्हें सेनेटरी नैपकिन के उपयोग हेतु प्रेरित करना है। जिले में किफायती दरों में महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से धरमजयगढ़ विकासखंड के खम्हार ग्राम में 11 लाख रुपये की सेनेटरी नैपकिन प्रोडक्शन मशीन लगाई गयी है। जिसका आज कलेक्टर भीम सिंह ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यहां मशीन से प्रोडक्शन कर पूरे जिले में बाजार में उपलब्ध पैड से कम कीमत पर अच्छी गुणवत्ता के सेनेटरी नैपकिन महिलाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। गांवों में आंगनबाड़ी केन्द्रों, उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से नैपकिन मिलेगी। साथ ही प्रत्येक गांव के लिए स्वच्छता सखी भी नियुक्त की गयी है। जो महिलाओं को सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के साथ माहवारी स्वच्छता के संबंध में जागरूक करेंगी।

महिलायें हो जागरूक, पुरुष भी बनें संवेदनशील-कलेक्टर भीम सिंह

कलेक्टर भीम सिंह ने इस दौरान वहां उपस्थित लोगों से बात की। उन्होंने कहा कि माहवारी स्वच्छता को लेकर जिले में सर्वे कराया गया था। जिसमें धरमजयगढ़ और लैलूंगा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में अधिकांश महिलाओं द्वारा माहवारी के समय नैपकिन का इस्तेमाल नहीं करने की बात सामने आई। पर्याप्त स्वच्छता के अभाव में महिलाओं को कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। इसी को दूर करने यह अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में महिलाओं और किशोरी बालिकाओं को जागरूक होने की आवश्यकता है। साथ ही पुरुषों को भी महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा की दृष्टि से अधिक संवेदनशील होने की जरूरत है। ताकि महिलाओं को उनकी आवश्यकतानुसार सेनेटरी नैपकिन माहवारी के समय उन्हें मिले और वे गंभीर रोगों से बच सकें।

10 हजार नैपकिन प्रतिदिन की उत्पादन क्षमता वाली है मशीन

खम्हार में लगायी गयी मशीन हाई प्रोडक्शन कैपेसिटी वाली है। इससे प्रतिदिन 10 हजार नैपकिन का उत्पादन किया जा सकता है। वर्तमान में खम्हार की उमा स्व-सहायता समूह की 12 महिलाएं उत्पादन कार्य में जुटी हैं। इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग भी दी गयी है। खम्हार के वन धन केन्द्र में प्रोडक्शन यूनिट लगायी गयी है। जहां इसके साथ हाईजिन मेन्टेनेंस के लिए स्टरलाईजेशन यूनिट भी लगायी गयी है। इसके साथ ही विभिन्न साइजेस के पैड बनाने की सुविधा भी इस मशीन में दी गयी है। इस दौरान महिला समूह ने पैड का निर्माण कर के भी दिखाया। कलेक्टर सिंह ने समूह को अपनी शुभकामनाएं दी और विक्रय बढ़ाने हेतु मार्केटिंग के लिए भी कार्य करने की बात कही। इसके लिए उन्होंने एनआरएलएम के साथ ही स्कूलों तथा कॉलेज में भी सेनेटरी नैपकिन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस दौरान एसडीएम संबित मिश्रा, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत बी.तिग्गा, जिला शिक्षाधिकारी आर.पी.आदित्य, सीईओ जनपद पटेल, डीएमसी देवांगन सहित जिला व जनपद पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी, समूह की महिलाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की तलाश में पुलिस की टीम ओड़िशा पहुंची

» पुलिस को यहां भी निराशा हाथ लगी

रायपुर (आरएनएस)। आय से अधिक संपत्ति और राजद्रोह के मामले में फंसे छत्तीसगढ़ के निलंबित आईपीएस जीपी सिंह की तलाश में रायपुर पुलिस की टीम ओड़िशा जा पहुंची, लेकिन यहां भी पुलिस को निराशा हाथ लगी। जीपी सिंह ओड़िशा स्थित अपने गृहग्राम क्योंझर जिले के बड़बिल गांव में भी नहीं मिले।

ज्ञात हो कि कोतवाली पुलिस जीपी सिंह को 2 बार नोटिस जारी कर चुकी है, बावजूद इसके जीपी सिंह अपने स्वास्थ्य खराब होने का हवाला देते हुए थाने में पेश नहीं हुए हैं। अब पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए कई राज्यों में दबिश दे रही है, लेकिन पुलिस को नाकामी के अलावा कुछ हाथ नहीं लग रहा है।

विदित हो कि ईओडब्ल्यू और एसीबी की संयुक्त टीम ने जीपी सिंह के ठिकानों पर दबिश देकर 10 करोड़ से अधिक की चल-अचल संपत्ति का पता लगाया था। इस मामले में जीपी सिंह पर धारा 13 (1)बी, 13 (2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम यथा संशोधित 2018 के तहत केस पंजीबद्ध किया था। निलंबित जीपी सिंह के रायपुर निवास से बरामद डायरी से कई राज बाहर आए हैं, जिसके बाद उनके खिलाफ राजद्रोह का मामला भी दर्ज है।

राज्य में 9 लाख 50 हजार 541 मीट्रिक टन रासायनिक उर्वरक का हो चुका वितरण

» राज्य को अब तक लक्ष्य के विरूद्ध 64 प्रतिशत उर्वरक की आपूर्ति

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में खरीफ सीजन 2021 के लिए भारत सरकार द्वारा रासायनिक उर्वरक के लिए अनुमोदित लक्ष्य 11 लाख 75 हजार मीट्रिक टन के विरूद्ध अब तक 7 लाख 54 हजार 476 मीट्रिक टन विभिन्न प्रकार के रासायनिक उर्वरक की आपूर्ति की गई है, जो कि अनुमोदित लक्ष्य का 64 प्रतिशत है।

खरीफ सीजन 2021 के लिए राज्य में कृषकों को 10 अगस्त तक 9 लाख 50 हजार 541 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। यहां यह उल्लेखनीय है कि एक अप्रैल 2021 की स्थिति में राज्य में रासायनिक उर्वरक का बचत स्कंध 4 लाख 75 हजार 544 मीट्रिक टन था, जिसमें निजी क्षेत्र में 3 लाख 26 हजार 6 मीट्रिक टन एवं सहकारी क्षेत्र में एक लाख 49 हजार 538 मीट्रिक टन की मात्रा शामिल है। बचत स्कंध एवं चालू खरीफ सीजन में प्राप्त उर्वरक को मिलाकर अब तक कुल 9 लाख 50 हजार 541 मीट्रिक टन उर्वरक का वितरण किसानों को किया गया है। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के सहकारी क्षेत्र को चालू खरीफ सीजन के लिए निर्धारित लक्ष्य 7 हजार 25 हजार मीट्रिक टन के विरूद्ध अब तक 4 लाख 51 हजार 501 मीट्रिक टन एवं निजी क्षेत्र हेतु निर्धारित लक्ष्य 4 लाख 50 हजार के विरूद्ध अब तक 3 लाख 2 हजार 975 मीट्रिक टन उर्वरक की आपूर्ति भारत सरकार द्वारा की गई है। सहकारी क्षेत्र के माध्यम से किसानों को अब तक 5 लाख 60 हजार 790 मीट्रिक टन तथा निजी क्षेत्र के माध्यम से 4 लाख 42 हजार 751 मीट्रिक टन खाद का वितरण किया गया है।

आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए बनाया जा रहा है पहला आवासीय परिसर

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले में चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान सफल के तहत आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए रहने और अजीविका चलाने के समुचित संसाधन मुहैया कराना भी शामिल है। इसके मद्देनजर आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए देश का पहला आवासिय परिसर दंतेवाड़ा में बनाया जा रहा है। दंतेवाड़ा एसपी डॉ.अभिषेक पल्लव ने बताया कि लोन वर्राटू अभियान, जिसका मतलब है, घर वापसी यह अभियान हमने एक वर्ष पहले शुरू किया था। जिसके तहत अब तक 381 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है, जिसमें से 101 इनामी नक्सली थे। इसके बाद लोन मर्राटू-02 लॉन्च किया गया, जिसमें आत्मसमर्पित नक्सलियों को सरकार की 12 योजनाओं से जोड़ा गया है।

40 लाख 71 हजार 560 हेक्टेयर में हो चुकी खरीफ फसलों की बुआई

» राज्य में 84 फीसद खरीफबोनी पूर्ण

रायपुर (आरएनएस)। राज्य में खरीफ फसलों की बुआई का अंतिम चरण की ओर है। कृषि विभाग से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार 10 अगस्त तक धान, अन्य अनाज के फसलों सहित तिलहन और साग-सब्जी की बुआई 40 लाख 71 हजार 560 हेक्टेयर में हो चुकी है, जो कि चालू खरीफ सीजन के लिए निर्धारित बोआई के लक्ष्य का 84 प्रतिशत है। अब तक राज्य में 33 लाख 68 हजार हेक्टेयर में धान, 2 लाख 54 हजार 820 हेक्टेयर में अन्य अनाज की फसलों सहित 2 लाख 27 हजार 990 हेक्टेयर में दलहन, एक लाख 21 हजार 480 हेक्टेयर में तिलहनी तथा 99 हजार 270 हेक्टेयर रकबे में साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की बुआई पूरी कर ली गई है।

राज्य में खरीफसीजन 2021 में 48 लाख 20 हजार हेक्टेयर रकबे में खरीफ फसलों की बुआई का लक्ष्य है। जिसमें 36 लाख 95 हजार 420 हेक्टेयर में धान, 3 लाख 60 हजार हेक्टेयर में अन्य अनाज की फसलें और 3 लाख 76 हजार 670 हेक्टेयर में दलहन, 2 लाख 55 हजार 490 हेक्टेयर में तिलहन तथा एक लाख 32 हजार 340 हेक्टेयर में साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की खेती का लक्ष्य निर्धारित है। निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध अब तक धान की 91 प्रतिशत, दलहन की 61 प्रतिशत, तिलहन की 48 प्रतिशत तथा साग-सब्जी एवं अन्य फसलों की 75 प्रतिशत बोनी पूरी हो चुकी है।

राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल स्वतंत्रता दिवस समारोह पर राज्य के 6 पुलिसकर्मियों को सम्मानित करेंगे

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ सरकार पुलिस के चुनिंदा मेहनती पुलिसकर्मियों को पुरस्कृत करेगी, इन सभी पुलिस अधिकारी और आरक्षक को गुरु घासीदास पुरस्कार, मुख्यमंत्री पुरस्कार, राज्यपाल पुरस्कार, रानी सुबरन कुंवर पुरस्कार, शहीद वीरनारायण सिंह पुरस्कार और पुलिस महानिदेशक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

पुलिस विभाग के मुताबिक सारिका वैध उप पुलिस अधीक्षक आजाक क्राइम धमतरी को गुरु घासीदास पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

नंदनी ठाकुर सहायक उप पुलिस निरीक्षक महिला प्रकोष्ठ राजनांदगांव को राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

विभूदीप वेनेडिक्ट नंद उप पुलिस अधीक्षक आजाक राजनांदगांव को मुख्यमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा.जिसमे मंजुलता राठौर निरीक्षक महिला थाना रायपुर को रानी सुबरन कुंवर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर में करेंगे ध्वजारोहण

» जिला मुख्यालयों में आयोजित मुख्य समारोह में विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रीगण और संसदीय सचिव फहराएंगे तिरंगा

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में 15 अगस्त 2021 को स्वतंत्रता दिवस पूरे गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राऊण्ड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत कोरिया जिला मुख्यालय में एवं उपाध्यक्ष मनोज सिंह मण्डावी कोण्डागांव जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रीगण और संसदीय सचिव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। राज्य शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा प्रदेश के जिला मुख्यालयों में ध्वजारोहण हेतु मुख्य अतिथियों की सूची जारी कर दी गई है। गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू महासमुंद में, पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव कबीरधाम में, कृषि एवं जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे रायगढ़ में, वन एवं परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर दुर्ग में, स्कूल शिक्षा तथा अनुसूचित जाति तथा आदिम जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम कोरबा में, उद्योग एवं आबकारी मंत्री कवासी लखमा बस्तर में, नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया सरगुजा में, खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत राजनांदगांव में, उच्च शिक्षा एवं खेल मंत्री उमेश पटेल बलौदाबाजार-भाटापारा में, राजस्व एवं वाणिज्यिक कर मंत्री जयसिंह अग्रवाल बिलासपुर में तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार मुंगेली में, महिला एवं बाल विकास मंत्री मती अनिला भेंड़िया कांकेर जिला मुख्यालय में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में ध्वजारोहण करने के पश्चात मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। इसी प्रकार संसदीय सचिव यू.डी. मिंज बलरामपुर में, विकास उपाध्याय बेमेतरा में, रेखचंद जैन सुकमा में, इन्द्रशाह मंडावी दंतेवाड़ा में, व अन्य 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में ध्वजारोहण करने के बाद मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं ग्वर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, उपचार लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

मिनीमाता के नारी उत्थान, श्रमिक कल्याण और छूआछूत निवारण के क्षेत्र में किए गए कार्य प्रेरणास्पद - मुख्यमंत्री

» मुख्यमंत्री 'मिनीमाता स्मृति दिवस' के कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से शामिल हुए

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मिनीमाता ने नारी उत्थान, श्रमिक कल्याण और छूआछूत निवारण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। लोकसभा में उनके द्वारा अस्पृश्यता निवारण विधेयक पारित कराने में अहम योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने जिस समतामूलक समाज का सपना देखा था। वह वास्तव में हर छत्तीसगढ़िया का सपना था। छत्तीसगढ़ सरकार उनके सपनों के अनुरूप शोषण, भेदभाव, अत्याचार से मुक्त और समतामूलक समाज के निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत है। बघेल आज अपने निवास कार्यालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 'मिनीमाता स्मृति दिवस' के कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने पूर्व सांसद मिनीमाता को श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया भी शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन गुरु घासीदास साहित्य एवं सांस्कृतिक अकादमी द्वारा किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ की प्रथम महिला सांसद ममतामयी मिनीमाता जी के व्यक्तित्व, उनके संघर्ष और उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। मिनीमाता सहित हमारे पुरखों ने छत्तीसगढ़ प्रदेश को सशक्त बनाने के लिए जो जिम्मेदारियां हमें सौंपी हैं, हमारी सरकार उन्हें पूरा करने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहीं हैं। मिनीमाता के मन में प्रदेशवासियों के लिए जो पीड़ा थी, वह जन-जन का दर्द है। उनके सपने हम सब के सपने हैं। हम सब को मिलकर समाज के सभी तबके के दुख-दर्द को मिटाने और अच्छा समाज गढ़ने के लिए कार्य करना है। उन्होंने कहा कि मिनीमाता ने बचपन से ही गरीबी, विस्थापन, शोषण और अत्याचार के दर्द को समझ लिया था।